द्विवर्षीय शिक्षाशास्त्री (B.Ed.) पाठ्यक्रम

शैक्षणिक सत्र 2022

(As per NCTE Two Year B.Ed. Program norms-2014)

(पाठ्यक्रम उद्देश्य, पाठ्यक्रम के मुख्य आधार, पाठ्यक्रम अभिकल्प, पाठ्यक्रम स्वरूप, संचालन नियम, क्रियान्वयन विधि, परीक्षा योजना, प्रश्न पत्र निर्माण एवं पाठ्यवस्तु)

शिक्षा संकाय

जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर

ग्राम-मदाऊ, पोस्ट-भांकरोटा, जयपुर-302026

जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय

ग्राम – मदाऊ, पोस्ट – भांकरोटा, जयपुर – 302026

शिक्षाशास्त्री पाठ्यक्रम में संशोधन

विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर सत्र 2015–17 हेतु द्वि–वर्षीय शिक्षाशास्त्री पाठ्यक्रम उपलब्ध है। इस द्वि–वर्षीय शिक्षाशास्त्री पाठ्यक्रम में सत्र 2017–18 में प्रविष्ठ होने वाले छात्रों हेतु निम्नानुसार संशोधन किया जाता है। सत्र 2015–17 में प्रविष्ठ छात्रों का पाठ्यक्रम पूर्ववत् रहेगा।

(अ) पाठ्यक्रम से निरस्त करने वाले प्रश्न पत्र–

क्र.सं.	प्रश्न पत्र संख्या	प्रश्न पत्र का नाम	पूर्णांक
1	112	शिक्षा का दार्शनिक एवं सामाजिक परिप्रेक्ष्य	100
2	114	विद्यालय प्रबंधन एवं नेतृत्व	100
3	115	शिक्षा अधिगम की तकनीकी	50
4	116	शिक्षा में क्रियात्मक अनुसंधान	50
5		विद्यालय गतिविधियों को दो वर्ष में 200 अंकों के स्थान पर प्रत्येक वर्ष में 50–50 के अनुसार कुल 100 अंक करने की संस्तुति की गई। नोट–प्रत्येक वर्ष में 25 अंक बाह्य परीक्षक द्वारा एवं 25 अंक आन्तरिक मूल्यांकन के होंगे।	50x2=100
कुल योग			400

उपरोक्त में क्रं. सं. 01 से 04 तक उल्लेखित प्रश्न पत्र जो द्वि–वर्षीय शिक्षाशास्त्री पाठ्यक्रम में हटाने हैं, वे शिक्षाशास्त्री प्रथम वर्ष सत्र 2017–2018 एवं शिक्षाशास्त्री द्वितीय वर्ष सत्र 2018–2019 से प्रभावी होगा।

द्वि–वर्षीय शिक्षाशास्त्री पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष के सैद्धान्तिक प्रश्न पत्र, मूल्यांकन विधि एवं कुल अंक निम्नानुसार होगे–

प्रथम वर्ष शिक्षाशास्त्री –सैद्धान्तिक प्रश्न पत्र

क्र.सं.	प्रश्न पत्र कोड संख्या	प्रश्न पत्र का नाम	बाह्य मूल्यांकन	आन्तरिक मूल्यांकन	पूर्णांक
1	SS101	बाल्यावस्था एवं विकास प्रक्रिया	80	20	100
2	SS 102	समसामयिक भारत एवं शिक्षा	80	20	100
3	SS 103	अधिगम एवं शिक्षण प्रक्रिया	80	20	100
4	SS 104	भाषा एवं पाठ्यक्रम	40	10	50
5	SS 105	अध्ययन क्षेत्र एवं विषय अवबोध	40	10	50
6	SS 113	संस्कृत शिक्षण (अनिवार्य)	80	20	100
कुल योग			400	100	500

प्रायोगिक गतिविधियॉं

क्र.सं.	प्रश्न पत्र संख्या	प्रश्न पत्र का नाम	बाह्य मूल्यांकन	आन्तरिक मूल्यांकन	पूर्णांक
1	विद्यालय सम्बद्धता	शिक्षण अभ्यास (संस्कृत शिक्षण विषय)	125	125	250
2		विद्यालय गतिविधियॉं	25	25	50
3	ईपीसी	ईपीसी–1 (अ) संस्कृत संभाषण कौशल विकास (ब) पाठ्यवस्तु पठन एवं चिन्तन (ध्येय बिन्दुओं से संबंद्ध) ईपीसी–2 शिक्षा में नाट्य एवं कला (शैक्षिक गतिविधियॉं)	 10 10 25	 15 15 25	 25 25 योग 50 50
कुल योग					400

प्रथम वर्ष में सैद्धान्तिक प्रश्न पत्रों का कुल अंक 500 एवं प्रायोगिक गतिविधियों का कुल अंक 400 होगा। इस प्रकार प्रथम वर्ष में कुल पूर्णांक 900 होगें।

द्वि–वर्षीय शिक्षाशास्त्री पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष के सैद्धान्तिक प्रश्न पत्र, मूल्यांकन विधि एवं कुल अंक निम्नानुसार होगे–

द्वितीय वर्ष शिक्षाशास्त्री –सैद्धान्तिक प्रश्न पत्र

क्र.सं.	प्रश्न पत्र संख्या	प्रश्न पत्र का नाम	बाह्य मूल्यांकन	आन्तरिक मूल्यांकन	पूर्णांक
1	SS 106	जेन्डर, विद्यालय एवं समाज	40	10	50
2	SS 107	विद्यालय, विषय शिक्षण	80	20	100
3	SS 108	ज्ञान एवं पाठ्यक्रम	80	20	100
4	SS 109	अधिगम आकलन	80	20	100
5	SS 110	समावेशी शिक्षा	40	10	50
6	SS 111	विशिष्ठ ऐच्छिक विषय	80	20	100
कुल योग					500

प्रायोगिक गतिविधियॉं

क्र.सं.	प्रश्न पत्र संख्या	प्रश्न पत्र का नाम	बाह्य मूल्यांकन	आन्तरिक मूल्यांकन	पूर्णांक
1	विद्यालय सम्बद्धता	शिक्षण अभ्यास (आधुनिक शिक्षण विषय)	125	125	250
2		विद्यालय गतिविधियॉं	25	25	50
3	ईपीसी	ईपीसी–3 सूचना एवं सम्प्रेषण प्रौद्योगिकी का	25 (प्रायोगिक)	25	50

		अवबोध ईपीसी–4 (अ) छात्र, व्यक्तित्व अवबोध (ब) आत्मबोध	 10 10	 15 15	 25 25
कुल योग					400

द्वितीय वर्ष में सैद्धान्तिक प्रश्न पत्रों का कुल अंक 500 एवं प्रायोगिक गतिविधियों का कुल अंक 400 होगा। इस प्रकार प्रथम वर्ष में कुल पूर्णांक 900 होगें।

इस प्रकार द्वि–वर्षीय शिक्षाशास्त्री पाठ्यक्रम सत्र 2017–18 में प्रविष्ठ छात्रों के दो वर्ष में कुल पूर्णांक 2200 में से 400 अंक घटाने के उपरान्त 1800 होगें।

16/8/17

(डॉ. के.साम्बशिव मूर्ति)
संकायाध्यक्ष, शिक्षा

Website में upload करवाना है
डॉ. शशि कुमार शर्मा

Urgent

128

1. द्विवर्षीय शिक्षाशास्त्री पाठ्यक्रम से संबंधित प्रस्तावित बिन्दु

I. शिक्षण विषय (पृ.सं. 10 बिन्दु सं. VI में जोड़ा जायें)

यदि शिक्षा शास्त्री पाठ्यक्रम में किसी प्रवेशार्थी/प्रशिक्षणार्थी का एक शिक्षण विषय नहीं बन रहा है तो भी उसको दूसरा शिक्षण विषय निम्नानुसार दिया जा सकता है–

विद्यार्थी को एक विषय कम से कम स्नातक या स्नातकोत्तर स्तर पर दो वर्ष अध्ययन किया हुआ हो, लेना होगा। और दूसरे विषय का यदि दो वर्ष अध्ययन नहीं किया हैं तो अन्य विषय सामान्य हिन्दी एवं अंग्रेजी जो भी अनिवार्य विषय के रूप में एक वर्ष पढ़ा है वह द्वितीय शिक्षण विषय के रूप में दिया जा सकता है। अथवा सामाजिक अध्ययन भी दिया जा सकता है।

उपरोक्त संबंध में यह भी स्पष्ट किया जाता है कि एक विषय के आधार पर भी महाविद्यालय अपने यहां प्रवेश दे सकता है यदि दूसरा विषय उस महाविद्यालय को आवंटित नहीं है तो भी प्रशिक्षणार्थी उस विषय का अध्ययन अपने स्तर पर करेगा।

II. शिक्षण अभ्यास संबंधित निर्देश (पृ.सं. 20)

1. राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् के निर्देशानुसार विद्यालय सम्बद्धता कार्यक्रम का आयोजन 20 सप्ताह के लिए किया जाएगा।

2. इसे क्रमशः द्विवर्षीय शिक्षाशास्त्री के प्रथम वर्ष में 4 सप्ताह एवं द्वितीय वर्ष में 16 सप्ताह की अवधि में किया जायेगा।

3. हटाना

4. यथावत

5. दोनों शिक्षण में 15–15 पाठ पर्यवेक्षित होना अनिवार्य है।

6,7,8,9,10 यथावत रहेंगे।

11. बाह्य प्रायोगिक परीक्षा हेतु प्रत्येक प्रशिक्षणार्थ को प्रथम वर्ष में संस्कृत शिक्षण तथा द्वितीय वर्ष में विद्यालय शिक्षण के पाठ सहायक सामग्री सहित तैयार करने होंगे।

12 यथावत रहेगा।

इस प्रकार प्रथम वर्ष में कुल 35 पाठों का शिक्षण अभ्यास 4 सप्ताह की विद्यालय सम्बद्धता अवधि में तथा द्वितीय वर्ष में कुल 35 पाठों का शिक्षण अभ्यास 16 सप्ताह की अवधि में पूर्ण किया जायेगा।

III. बाह्य प्रायोगिक परीक्षा का आयोजन

बाह्य प्रायोगिक परीक्षा दो कार्य दिवसों में वर्षवार (प्रथम एवं द्वितीय वर्ष) निम्नलिखित प्रकार से आयोजित की जाएगी

प्रथम दिवस–शिक्षण अभ्यास, पाने का प्रायोगिक परीक्षण, मूल्यांकन ई.पी.सी. 1,2 व 4 एवं मौखिकी तथा मूल्यांकन

द्वितीय दिवस–शिक्षण अभ्यास, पाने का प्रायोगिक परीक्षण, मूल्यांकन, ई.पी.सी. 3 एवं मौखिकी तथा मूल्यांकन

V. S – S. V

IV. आंतरिक मूल्यांकन का अंक विभाजन (पृ. सं. 22)

1. सूक्ष्म शिक्षण (05 कौशल, श्यामपट्ट, प्रश्न, उद्दीपन परिवर्तन, दृष्टान्त व पुनर्बलन) 10 अंक

पाठ योजना निर्माण (इकाई व दैनिक वार्षिक)

शेष यथावत

V. प्रश्नपत्रों में पाठ्यबिन्दुओं का प्रस्ताव (पृ.सं. 28)

1. प्रथम प्रश्न पत्र 101 – बाल्यावस्था एवं विकास प्रक्रिया

सत्रीय कार्य – नोट– निम्नांकित में से कोई एक प्रायोगिक परीक्षा–10 अंक

निर्देश लिखे व सीखने का प्रयोगात्मक प्रशासन

फलांकन व्याख्या निष्कर्ष ध्यान की अवधि/वृद्धि (व्यक्तिगत, समूह परीक्षण)/स्मृति विस्तार की विवेचना।

102–समसामयिक भारत एवं शिक्षा (पृ. सं. 31)

सत्रीय कार्य– विकल्प के रूप में एक सत्रीय कार्य–10 अंक

राष्ट्रीय एकता और राष्ट्रीय सुरक्षा हेतु जागरूकता कार्यक्रम का संचालन एवं प्रतिवेदन लेखन–जोड़ा जाएं।

103. अधिगम एवं शिक्षण प्रक्रिया (पृ. सं. 34)

सत्रीय कार्य–निर्देश– अधोलिखित में से किसी एक पर आधारित दत्त कार्य–10 अंक

105 अध्ययन क्षेत्र एवं विषय अवबोध (पृ. सं. 36)

सत्रीय कार्य –निर्देश– निम्नलिखित में से कोई एक प्रायोगिक कार्य– 5 अंक

VI. परीक्षा परिणाम श्रेणी विभाजन अंक योजना इत्यादि से संबंधित प्रस्ताव

1. द्विवर्षीय शिक्षाशास्त्री पाठ्यक्रम में पृष्ठ संख्या 24 पर वर्णित परीक्षा परिणाम, श्रेणी विभाजन एवं अंक योजना के अन्तर्गत बिन्दुवार निम्नलिखित बिन्दुओं को निर्देशानुसार जोड़े जाने का सर्वसम्मति प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाता है–

पृ.सं. 24 पर बिन्दु सं. 2 के बाद बिन्दु सं. 03 के रूप में जोड़े जाने का प्रस्ताव–

2. द्विवर्षीय शिक्षाशास्त्री पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में यदि कोई परीक्षार्थी अधिकतम तीन सैद्धान्तिक प्रश्न–पत्रों में अनुत्तीर्ण रहता है और शेष प्रश्न पत्रों में उत्तीर्ण रहता है तथा उत्तीर्ण प्रश्न पत्रों के सम्पूर्ण अंङ्कों का योग न्यूनतम 45 प्रतिशत रहता है तो ऐसे परीक्षार्थी द्वितीय वर्ष में अध्ययन हेतु प्रोन्नत किया जा सकेगा और अनुत्तीर्ण सै. प्रश्न–पत्रों की परीक्षा शिक्षाशास्त्री प्रथम वर्ष के परीक्षार्थियों के साथ दे सकेगा।

3. पृ. सं. 24 पर बिन्दु सं. 3 के बाद बिन्दु सं. 04 के रूप में जोड़े जाने का प्रस्ताव –

यदि कोई परीक्षार्थी शिक्षाशास्त्री प्रथम वर्ष में केवल प्रायोगिक परीक्षा में अनुपस्थित रहता है या 50 प्रतिशत से कम अंक आन्तरिक या बाह्य प्रायोगिक परीक्षा में प्राप्त करता है तो ऐसे परीक्षार्थी को द्वितीय वर्ष में प्रोन्नत किया जा सकेगा, किन्तु प्रथम वर्ष की अनुत्तीर्ण प्रायो. परीक्षा को संबंधित वर्ष के साथ दे सकेगा।

VII. प्रश्न पत्रों के पाठ्य बिन्दुओं से संबंधित प्रस्ताव

Internal / External
में Pass 85 में 91
निम्न ...

प्रश्न पत्र कोड सं. 102 –समसामयिक भारत एवं शिक्षण

प्रथम व द्वितीय इकाई को घटाकर निम्न इकाई जोड़नी है

V.S.K.

इकाई प्रथम–शिक्षा एवं दर्शन

शिक्षा– अर्थ, परिभाषा, प्रकृति, प्रकार (औपचारिक, अनौपचारिक, निरौपचारिक) तथा शिक्षा के कार्य।

शिक्षा के उद्देश्य– वैयक्तिक, सामाजिक, राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय।

शिक्षा के अभिकरण–परिवार, विद्यालय, धार्मिक संस्था,समुदाय जनसंचार माध्यम,

दर्शन–अर्थ, परिभाषा, प्रकृति तथा दर्शन का क्षेत्र

पाश्चात्य दर्शन–आदर्शवाद, प्रकृतिवाद, प्रयोजनवाद

यथार्थवाद–अर्थ, परिभाषा तथा शिक्षा में उनके शैक्षिक निहितार्थ।

भारतीय दर्शन–संख्या, योग, न्याय, वेदान्त, चार्वाक, बौद्ध, गीता

जैन दर्शन–अर्थ, परिभाषा तथा शिक्षा में उनके शैक्षिक निहितार्थ।

इकाई द्वितीय – शैक्षिक विचार–भारतीय एवं पाश्चात्य विचारक

स्वामी विवेकानन्द, टैगोर, महात्मा गांधी, अरविन्द घोष, गीजू भाई, स्वामी दयानन्द का शिक्षा विषयक चिन्तन में योगदान एवं उनके शैक्षिक निहितार्थ।

प्लेटो, अरस्तू, सुकरात, रूसो, जॉन डी.वी. फ्राबेल, पेस्टोलॉजी तथा मोन्टेसरी का शिक्षा विषयक चिन्तन में योगदान एवं उनका शैक्षिक निहितार्थ

तीसरी, चौथी एवं पांचवीं इकाई यथावत रहेगी।

VIII. विशेष व मुख्य प्रस्ताव

कुलपति महोदय द्वारा माननीय शिक्षा मंत्री को प्रस्ताव दिया जाए कि विद्यालय सम्बद्धता का विभाजन पूर्व पाठ्यक्रमानुसार (2015–17) के अनुसार माना जाये तो अति उत्तम रहेगा।

द्विवर्षीय शिक्षाशास्त्री (B.Ed.) पाठ्यक्रम उद्देश्य

द्विवर्षीय शिक्षाशास्त्री (बी.एड) पाठ्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उच्च प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक स्तरों की शिक्षा हेतु भाषा एवं विषय दक्षताओं व शिक्षाशास्त्रीय कौशलों से युक्त संस्कृत अध्यापकों को सृजित करना है। इस पाठ्यक्रम के अन्य कतिपय महत्वपूर्ण उद्देश्य निम्नलिखित हैं:–

- शिक्षा की प्रकृति एवं शिक्षाशास्त्रीय प्रक्रियाओं का ज्ञान प्रदान करना।
- शिक्षा के विविध परिप्रेक्ष्यों से परिचित कराना।
- संस्कृत वाङ्मयनिहित शिक्षणशास्त्रीय अवधारणाओं को स्पष्ट करना।
- विकास की प्रक्रिया तथा विभिन्न अवस्थाओं की आवश्यकताओं को पहचानने की योग्यता उत्पन्न करना।
- अधिगम की प्रक्रिया तथा अधिगमकर्ता के मनोविज्ञान को समझने की योग्यता विकसित करना।
- आवश्यकता के अनुरूप विभिन्न अधिगम विधियों के प्रयोग की दक्षता उत्पन्न करना।
- सामाजिक, सांस्कृतिक तथा भाषायी विविधता की दृष्टि से विभिन्न शैक्षिक–सन्दर्भों को समझने की योग्यता उत्पन्न करना।
- समसामयिक शैक्षिक नीतियों एवं समस्याओं के प्रति विवेचनात्मक दृष्टि विकसित करना।
- शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया के प्रभावी संचालन तथा अपेक्षित सुधार के योग्य बनाना।
- शैक्षिक–प्रौद्योगिकी का ज्ञान प्रदान करना।
- भाषा कौशलों को विकसित करना।
- संस्कृत भाषा शिक्षण विधियों, प्रविधियों, युक्तियों एवं नवाचारों का ज्ञान प्रदान करना।
- विद्यालयीय शिक्षण विषयों–अंग्रेजी, हिन्दी, सामाजिक अध्ययन आदि के उपागमों प्रविधियों युक्तियों एवं नवाचारों का ज्ञान प्रदान करना।
- पाठ्यक्रम संचालन में भाषा–महत्ता को स्पष्ट करना।
- पाठ्यक्रम निर्माण प्रक्रिया का ज्ञान प्रदान करना।
- शिक्षण–अधिगम एवं विद्यालय प्रशासन सम्बन्धी समस्याओं के समाधानार्थ क्रियात्मक अनुसन्धान प्रक्रिया का ज्ञान कराना।
- नेतृत्व क्षमता का विकास करना।
- विद्यालय एवं क्षेत्र सम्बद्धता हेतु सह शैक्षणिक एवं सामाजिक गतिविधियों के आयोजन की योग्यता विकसित करना।
- राष्ट्रीय अभियान में प्रतिभागिता की प्रवृत्ति विकसित करना।

- पर्यावरण संरक्षण सम्प्रत्ययों से अवगत कराना तथा पर्यावरणीय संवेदनाओं को जाग्रत करना।
- सूचना एवं सम्प्रेषण प्रौद्योगिकी के प्रयोग का अभ्यास करवाना।
- शारीरिक स्वास्थ्य के सन्दर्भ में योग एवं स्वास्थ्य शिक्षा का अवबोध विकसित करना।
- शान्ति की अवधारणा का अवबोध विकसित करना, तथा मानवाधिकारों के प्रति संवेदशीलता उत्पन्न करना।
- अध्यापक शिक्षा के सिद्धान्त एवं प्रयोग की दूरियों को कम करने की योग्यता उत्पन्न करना।
- व्यावसायिक क्षमताओं का विकास करना।
- छात्राध्यापक व्यक्तित्व का बहुमुखी विकास करना।

द्विवर्षीय शिक्षाशास्त्री पाठ्यक्रम अभिकल्प के मुख्याधार

द्विवर्षीय शिक्षाशास्त्री पाठ्यक्रम का अभिकल्पन मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यापक परिषद् (NCTE) द्वारा प्रदत्त द्विवर्षीय बी.एड पाठ्यक्रम निर्माणकार्य (Curriculum Frame Work) के आधार पर किया गया है, जो निम्नलिखित हैः–

(अ) शैक्षिक परिपेक्ष्य (Perspectives in Education)

Course1	Childhood and Growing Up
Course2	Contemporary India and Education
Course3	Learning and Teaching
Course6	Gender, School and Society (1/2)
Course8	Knowledge and Curriculum
Course10	Creating an Inclusive School (1/2)

(ब) पाठ्यक्रम एवं शिक्षणशास्त्र अध्ययन (Curriculum and Pedagogic Studies)

Course4	Language across the Curriculum (1/2)
Course5	Understanding Disciplines and Subjects (1/2)
Course7(a & b)	Pedagogy of a School Subject
Course9	Assessment for Learning
Course11	Optional Course*(1/2)

(स) क्षेत्र सम्बद्धता–आत्मबोध, छात्रबोध, समाज एवं विद्यालय (Engagement with the field - the self, the child community and school)

* Tasks and Assignments that run through all the courses as indicated in the year wise distribution of the syllabus
* School Internship
* Courses on Enhancing Professional Capacities (EPC)

Course EPC 1:	Reading and Reflecting on Texts (1/2)
Course EPC 2:	Drama and Art in Education (1/2)
Course EPC 3:	Critical Understanding of ICT (1/2)
Course EPC 4:	Understanding the Self (1/2)

Note- (I) उपर्युक्त तीनों पाठ्यक्रम अभिकल्पन आधारों पर निर्दिष्ट अध्येयांशों (Courses) में पाठ्यक्रम को अभिकल्पित किया गया है।

(II) इनके अलावा पाठ्यक्रम में अनिवार्य शिक्षणशास्त्र के रूप में ''संस्कृत शिक्षण'' तथा संकेन्द्रिक परिप्रेक्ष्य के रूप में ''शिक्षा का दार्शनिक एवं सामाजिक परिप्रेक्ष्य'' व संकेन्द्रिक अनिवार्य विषय के रूप में'' विद्यालय प्रबंधन एवं नेतृत्व'', ''शैक्षिक तकनीकी'' और ''क्रियात्मक अनुसंधान'' नाम के प्रश्न पत्र सैद्धान्तिक भाग में समाहित किये गए हैं।

द्विवर्षीय शिक्षाशास्त्री (बी.एड.) पाठ्यक्रम अभिकल्प

द्विवर्षीय शिक्षाशास्त्री (बी.एड.) पाठ्यक्रम 2200 अंकों का है। इसकी क्रियान्विति दो शिक्षण सत्रों (प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष) में होगी। प्रत्येक वर्ष 1100 अंकों का होगा। इस पाठ्यक्रम के मुख्य घटक सैद्धान्तिक, विद्यालय सम्बद्धता (प्रायोगिक) तथा व्यावसायिक अभिक्षमता विकास (ई.पी.सी) है। इन मुख्य घटकों के कोर्स उनकी संख्या तथा कुल अंक निर्धारण – निम्नलिखित तालिका में वर्णित है :–

कुल अंक – 2200

द्विवर्षीय शिक्षाशास्त्री (बी.एड.) पाठ्यक्रम अभिकल्प

मुख्य घटक	कोर्स का नाम	कोर्स की संख्या	कुल अंक
(अ) सैद्धान्तिक (Theory)	(1) संकेन्द्रिक परिप्रेक्ष्य (Core Perspective-CP)	3	300
	(2) संकेन्द्रिक अनिवार्य (Core Compulsory-CC)	10	700
	(3) वैकल्पिक शिक्षणशास्त्र (Elective Pedagory-EP)	2	200
	(4) अनिवार्य शिक्षणशास्त्र (Compulsory Pedagogy)	1	100
(ब) विद्यालय–सम्बद्धता (School Internship)	(I) शिक्षणाभ्यास – (प्रायोगिक) (Teaching Practic)(Practical)	–	500
	(I I) विद्यालयीय गतिविधियाँ (School activities)	–	200
(स) प्रायोगिक–ई. पी.सी. (Practicum-E.P.C.)	प्रयोगिक कार्य (Practical)	–	200

पाठ्यक्रम स्वरूप

शिक्षाशास्त्री (बी.एड) प्रथम वर्ष पाठ्यक्रम का स्वरूप

कुल अंक – 1100

प्रश्न पत्र सं. Paper No.	अध्येयांश कूट Course Code	प्रश्नपत्रों के नाम Title of the Papers	अध्येयांश श्रेणी Course Category	मूल्यांकन Evalution		
				बाह्य External	आन्तरिक Internal	पूर्णांक Total Marks
I	s.s. 101	बाल्यावस्था एवं विकास प्रक्रिया	संकेन्द्रिक परिप्रेक्ष्य (Core Perspective)	80	20	100
II	s.s. 102	समसामयिक भारत एवं शिक्षा	संकेन्द्रिक परिप्रेक्ष्य (Core Perspective)	80	20	100
III	s.s. 103	अधिगम एवं शिक्षण प्रक्रिया	संकेन्द्रिक अनिवार्य (Core Compulsory)	80	20	100
IV	s.s. 104	भाषा एवं पाठ्यक्रम	संकेन्द्रिक अनिवार्य (Core Compulsory)	40	10	50
V	s.s. 105	अध्ययन क्षेत्र एवं विषय अवबोध	संकेन्द्रिक अनिवार्य (Core Compulsory)	40	10	50
VI	s.s. 106	जेंडर विद्यालय एवं समाज	संकेन्द्रिक अनिवार्य (Core Compulsory)	40	10	50
VII	s.s. 112	शिक्षा का दार्शनिक एवं सामाजिक परिप्रेक्ष्य	संकेन्द्रिक परिप्रेक्ष्य (Core Perspective)	80	20	100
VIII	s.s. 113	संस्कृत शिक्षण (अनिवार्य शिक्षणशास्त्र)	अनिवार्य शिक्षणशास्त्र (Compulsory Pedagogy)	80	20	100
विद्यालय सम्बद्धता (School Internship)		(I) शिक्षण अभ्यास		125	125	250
		(II) विद्यालय गतिविधियाँ		50	50	100
ई.पी.सी. (EPC)–1		(अ) संस्कृत संभाषण कौशल विकास		20	20	40
		(ब) पाठ्यवस्तु पठन एवं चिन्तन (ध्येय बिन्दुओं से सम्बद्ध)		20	20	40
ई.पी.सी. (EPC)–2		शिक्षा में नाट्य एवं कला (शैक्षिक गतिविधियाँ)		10	10	20

* **EPC (ई.पी.सी.) –Enhancing Processional Capacities (व्यावसायिक अभिक्षमता विकास)।**

शिक्षाशास्त्री (बी.एड) द्वितीय वर्ष पाठ्यक्रम का स्वरूप

कुल अंक – 1100

प्रश्न पत्र सं. Paper No.	अध्ययांश कूट Course Code	प्रश्नपत्रों के नाम Title of the Papers	अध्ययांश श्रेणी Course Category	मूल्यांकन Evolution		
				बाह्य External	आन्तरिक Internal	पूर्णांक Total Marks
IX	s.s.107 (अ)–(ब)	विद्यालय विषय शिक्षण (छात्राध्यापकों को इनमें से किसी एक विद्यालय शिक्षण विषय का चयन करना होगा।	'चयनित शिक्षणशास्त्र' (Elective Pedagogy)	80	20	100
	1	हिन्दी शिक्षण		80	20	100
	2	अंग्रेजी शिक्षण		80	20	100
	3	सामाजिक अध्ययन शिक्षण		80	20	100
	4	नागरिक शास्त्र शिक्षण		80	20	100
	5	भूगोल शिक्षण		80	20	100
	6	इतिहास शिक्षण		80	20	100
	7	अर्थशास्त्र शिक्षण		80	20	100
	8	गृह विज्ञान शिक्षण		80	20	100
	9	गणित शिक्षण		80	20	100
X	S.S. 108	ज्ञान एवं पाठ्यक्रम	संकेन्द्रित अनिवार्य (Core Compulsory)	80	20	100
XI	S.S. 109	अधिगम आकलन	संकेन्द्रित अनिवार्य (Core Compulsory)	80	20	100
XII	S.S. 110	समावेशी शिक्षा	संकेन्द्रित अनिवार्य (Core Compulsory)	40	10	50
XIII	S.S. 111	विशिष्ट ऐच्छिक विषय (छात्राध्यापकों को इनमें से किसी एक विषय का चयन करना होगा)	विशिष्ट चयनित शिक्षण शास्त्र (Elective Special Pedagogy)	80	20	100
	1	शैक्षिक निर्देशन एवं उपबोधन		80	20	100
	2	मूल्य शिक्षा		80	20	100
	3	योग शिक्षा		80	20	100
	4	स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा		80	20	100
	5	शान्ति शिक्षा		80	20	100
	6	मानवाधिकार शिक्षा		80	20	100
	7	पर्यावरण शिक्षा		80	20	100
	8	ज्योतिष एवं कर्मकाण्ड		80	20	100
XIV	S.S. 114	विद्यालय प्रबन्धन एवं नेतृत्व	संकेन्द्रित अनिवार्य (Core Compulsory)	80	20	100
XV	S.S. 115	शिक्षण अधिगम की तकनीकी	संकेन्द्रित अनिवार्य (Core Compulsory)	40	10	50
XVI	S.S. 116	शिक्षा में क्रियात्मक अनुसंधान	संकेन्द्रित अनिवार्य (Core Compulsory)	40	10	50
विद्यालय सम्बद्धता (School Internship)		(I) शिक्षण अभ्यास		125	125	250
		(II) विद्यालय गतिविधियाँ		50	50	100
ई.पी.सी. (EPC)–3		सूचना एवं सम्प्रेषण प्रौद्योगिकी का अवबोध		20 (प्रायो.)	20	40
ई.पी.सी. (EPC)–4		(अ) छात्र व्यक्तित्व अवबोध		15	15	30
		(ब) आत्मबोध		15	15	30

*** EPC (ई.पी.सी.) – Enhancing Processional Capacities (व्यवसायिक अभिक्षमता विकास)।**

द्विवर्षीय शिक्षाशास्त्री (बी.एड.) पाठ्यक्रम संचालन सम्बन्धी नियम :–

1. **पाठ्यक्रम की प्रकृति** :– जगद्गुरू रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा संचालित द्विवर्षीय शिक्षाशास्त्री पाठ्यक्रम नियमित प्रकृति का है, इसे केवल नियमित छात्र के रूप में अध्ययन कर पूर्ण किया जा सकेगा।

2. **पाठ्यक्रम में प्रवेश** – जगद्गुरू रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा संचालित द्विवर्षीय शिक्षाशास्त्री पाठ्यक्रम में प्रवेश राजस्थान सरकार के आदेशानुसार प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली प्रवेश पूर्व शिक्षाशास्त्री परीक्षा (PSST) उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को वर्गवार वरीयता के आधार पर ही दिया जा सकेगा।

   पाठ्यक्रम अवधि :– शिक्षाशास्त्री पाठ्यक्रम की अवधि दो अकादमिक वर्षों (Two Academic Years) की होगी।

3. **कार्य दिवस** :– नामांकन एवं परीक्षा अवधियों को छोड़कर दो सौ (200) कार्य दिवस प्रतिवर्ष होंगे।

4. **छात्र उपस्थिति** :– द्विवर्षीय शिक्षाशास्त्री पाठ्यक्रम के सभी अध्येयांशों (Courses) में 75% तथा विद्यालय सम्बद्धता, क्षेत्र सम्बद्धता एवं व्यासायिक अभिक्षमता विकास से सम्बन्धित गतिविधियों में 80% उपस्थिति अनिवार्य होगी।

5. **अध्यापन एवं परीक्षा का माध्यम** :– द्विवर्षीय शिक्षाशास्त्री पाठ्यक्रम में अध्येयांश कूट (Course Code) S.S. 113 के अन्तर्गत निर्दिष्ट अनिवार्य शिक्षणशास्त्र (Compulsory Pedagogy) अर्थात 'संस्कृत शिक्षण' विषय के अध्यापन एंव परीक्षा का माध्यम संस्कृत होगा। अन्य सभी अध्येयांशों (Courses) (अंग्रेजी शिक्षण को छोड़कर) का अध्यापन एवं परीक्षा माध्यम हिन्दी होगा।

6. **शिक्षण विषय** :–

   (i) द्विवर्षीय शिक्षाशास्त्री पाठ्यक्रम में तीन शिक्षण विषय होगें– (अ) संस्कृत शिक्षण, 'अनिवार्य शिक्षण–शास्त्र' (Compulsory Pedagogy), (ब) विद्यालय विषय शिक्षण 'वैकल्पिक शिक्षण–शास्त्र' (Elective Pedagogy) तथा (स) विशिष्ट चयनित शिक्षणशास्त्र (Spacial Elective Pedagogy)।

   (ii) संस्कृत शिक्षण सभी प्रशिक्षणार्थियों के लिए अनिवार्य होगा।

   (iii) विद्यालय विषय शिक्षण के अन्तर्गत परिगणित शिक्षण विषयों में से किसी एक का चयन चयनित शिक्षण शास्त्र के रूप में करना होगा।

   (iV) चयनित शिक्षण शास्त्र/विद्यालय शिक्षण विषय का चयन निम्नलिखित प्रकार से किया जा सकेगा –

(v) शिक्षण विषय से अभिप्राय है, ऐसा विषय जो प्रशिक्षाणार्थीयों ने स्नातक/शास्त्री/बी.ए/अथवा स्नातकोत्तर/आचार्य परीक्षा में निरन्तर दो वर्ष तक (न्यूनतम दो वर्ष) अनिवार्य विषय/वैकल्पिक विषय अथवा सब्सिडरी विषय के रूप में पढ़ा हो। विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा भी दानों वर्षों में निरन्तर उत्तीर्ण की हो। शिक्षण विषयों में ऐसे विषय सम्मिलित नहीं किये जायेंगे जिनका छात्र ने डिग्री पाठ्यक्रम के लिये आंशिक रूप से अध्ययन किया हो जैसे– सामान्य अंग्रेजी, सामान्य हिन्दी, सामान्य शिक्षा, भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति का इतिहास, प्रारम्भिक गणित आदि।

(vi) ऑनर्स स्नातक उत्तीर्ण विद्यार्थी के लिये भी संस्कृत ऑनर्स विषय के साथ सब्सिडरी विषय भी दो वर्ष तक पढ़ा होना चाहिये और विश्वविद्यालय ने प्रतिवर्ष इस विषय की परीक्षा ली हो।

(vii) जिन छात्रों ने स्नातक उपाधि अथवा शास्त्री उपाधि परीक्षा इतिहास, राजनीति–विज्ञान, लोक प्रशासन, अर्थशास्त्र, भूगोल, समाजशास्त्र, दर्शनशास्त्र, और मनोविज्ञान विषयों में से कोई दो विषय लेकर उत्तीर्ण की है उन्हें शिक्षाशास्त्री परीक्षा हेतु समााजिक–अध्ययन विषय लेने की अनुमति होगी।

(viii) बी.ए., शास्त्री अथवा स्नातकोत्तर उपाधि परीक्षा में जिन्होंने राजनीति–विज्ञान अथवा लोक प्रशासन विषय लिया हो, ऐसे अभ्यर्थी शिक्षाशास्त्री परीक्षा हेतु नागरिक शास्त्र विषय अपने शिक्षण विषय के रूप में लेने के पात्र होंगे ।

(ix) विशिष्ट चयनित शिक्षणशास्त्र के अन्तर्गत परिगणित विषयों में से किसी एक विषय का चयन विशिष्ट शिक्षणशास्त्र के रूप में प्रत्येक छात्र को करना होगा।

(x) अनिवार्य शिक्षणशास्त्र तथा चयनित शिक्षणशास्त्र(अर्थात् संस्कृत शिक्षण एवं चयनित विद्यालय विषय) इन दोनों विषयों में दैनिक शिक्षण अभ्यास एवं वाह्य प्रायोगिक परिक्षा होगी, किन्तु विशिष्ट चयनित शिक्षणशास्त्र से सम्बन्धित विषय में दैनिक शिक्षण अभ्यास एवं वाह्य प्रायोगिक परिक्षा नहीं होगी।

7. **वार्षिक परीक्षा में प्रवेश अर्हता** :– जिन शिक्षाशास्त्री प्रशिक्षणार्थियों ने द्विवर्षीय शिक्षाशास्त्री पाठ्यक्रम के सभी अध्येयांशो (Courses) को वर्षवार 80% एवं विद्यालय सम्बद्धता, क्षेत्र सम्बद्धता व व्यासायिक अभिक्षमता विकास से सम्बन्धित प्रायोगिक कार्यों को वर्षवार 90% उपस्थिति के साथ पूर्ण किया हो तथा समस्त सत्रीय कार्य/दत्त कार्य आदि यथासमय पूर्ण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत किये हों, ऐसे प्रशिक्षणार्थी ही द्विवर्षीय शिक्षाशास्त्री के प्रथम वर्ष या द्वितीय वर्ष की वार्षिक परीक्षा में प्रवेश के लिए अर्ह (पात्र) होंगे।

8. **परीक्षा व स्वरूप** :– द्विवर्षीय शिक्षाशास्त्री पाठ्यक्रम की परीक्षा प्रतिवर्ष दो भागो में आयोजित होगी। प्रथम भाग सैद्धान्तिक प्रश्न पत्रों का होगा तथा द्वितीय भाग

विद्यालय सम्बद्धता, क्षेत्र सम्बद्धता तथा व्यावसायिक अभिक्षमता विकास, (E.P.C), से सम्बन्धित प्रायोगिक होगा।

9. **अनुत्तीर्णता एवं अनुपस्थिति** :–

(अ) यदि कोई छात्र सैद्धान्तिक प्रश्नपत्रों में से किसी एक विषय में प्रथम वर्ष में अनुत्तीर्ण हो जाता है और उसके अन्य विषयों के प्राप्तांक 48% या उससे अधिक हैं तो वह उस एक विषय की परीक्षा द्वितीय वर्ष की वार्षिक परीक्षा के साथ दे सकेगा। प्रशिक्षणार्थी के इस प्रश्न पत्र में उत्तीर्ण होने पर 45% अंक ही उसकी अंकतालिका में जोड़े जायेगें, वास्तविक प्राप्तांक नहीं जोड़े जायेगें। प्रशिक्षणार्थी के इस प्रश्न पत्र में पुनः अनुत्तीर्ण रहने की स्थिति में अगले सत्र में विभक्त छात्र के रूप में एक और प्रयास का अवसर दिया जा सकेगा।

(ब) यदि कोई छात्र विद्यालय सम्बद्धता से सम्बन्धित अध्यापन अभ्यास प्रायोगिक परीक्षा में या अन्य गतिविधियों में अनुत्तीर्ण हो जाता है तो वह आगामी सत्र में सम्बन्धित वर्ष के छात्रों के साथ दो माह (08 सप्ताह) तक नियमित छात्र के रूप में उपस्थिति देकर समस्त प्रायोगिक कार्यो को सम्पन्न करने के पश्चात् ही आगामी सत्र की प्रायोगिक परीक्षा में प्रविष्ट हो सकेगा।

(स) यदि कोई शिक्षाशास्त्री प्रथम वर्ष या द्वितीय वर्ष का छात्र नियमित रूप से पाठ्यक्रम पूर्ण कर लेता है, किन्तु अपरिहार्य कारण से सैद्धान्तिक परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो पाता या द्वितीय वर्ष की सैद्धान्तिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो जाता है तो वह आगामी सत्र के सम्बन्धित वर्ष (प्रथमवर्ष/द्वितीयवर्ष) की सैद्धान्तिक परीक्षा में भूतपूर्व छात्र (Ex-Student) के रूप में सम्मिलित हो सकता है।

(द) कोई भी छात्र भूतपूर्व छात्र के रूप में दो प्रयासों के बाद शिक्षाशास्त्री की परीक्षा में प्रविष्ट नहीं हो सकेगा। दोनों प्रयासों में असफल तथा शिक्षाशास्त्री अनुत्तीर्ण छात्रों को शिक्षाशास्त्री प्रवेश पूर्व परीक्षा (P.S.S.T.) के माध्यम से पुनः द्विवर्षीय शिक्षाशास्त्र पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में प्रवेश दिया जा सकेगा।

पाठ्यक्रम क्रियान्वयन विधि :–

द्विवर्षीय शिक्षाशास्त्री (बी.एड.) पाठ्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु निम्नलिखित विधियों का यथा अवसर प्रयोग किया जाएगा :–

(i) **व्याख्यान विधि** (Lecture Method) :– इस विधि का प्रयोग संवादपरकता के साथ किया जाएगा। जिससे अध्यापन में छात्र केन्द्रिता बनी रहे तथा छात्रों की विषय–विश्लेषण योग्यता एवं अभिव्यक्ति कौशल का विकास किया सके।

(ii) **संगोष्ठी** :– (Seminar) इस विधि द्वारा पाठ्क्रम में निर्धारित विभिन्न विषय सन्दर्भ तथा विद्यालयस्तरीय समसामयिक समस्याओं पर छात्रों के स्वतंत्र चिन्तन शक्ति तथा अभिव्यक्ति कौशल का विकास किया जायेगा।

(iii) **परिचर्चा (Discussion) :–** इस पाठ्यक्रम के क्रियान्वयन में परिचर्चा विधि का भी प्रयोग दो प्रकार से किया जायेगा–युग्म परिचर्चा एवं समूह परिचर्चा युग्म परिचर्चा के अन्तर्गत छात्रों के युग्म (जोड़े) बनाकर तथा समूह परिचर्चा में कक्षा को छोटे समूहों में बाँटकर शिक्षक द्वारा दिये गये विषय पर चर्चा सम्पन्न करवायी जायेगी। इससे छात्रों में विषय का संश्लेषण, एवं मूल्यांकन करने से सम्बन्धी दक्षताओं का विकास होगा।

(iv) **दत्त कार्य (Assignment)** :– इस विधि का प्रयोग छात्रों की लिखित अभिव्यक्ति–मुख्य रूप से विषय का अवबोध, विश्लेषण, संश्लेषण मूल्यांकन तथा समीक्षा से सम्बन्धित क्षमताओं के विकास करने हेतु किया जायेगा।

(v) **प्रश्नोत्तरी (QUIZ) :–** इस विधि का प्रयोग इकाई समापन एवं कक्षा शिक्षण के समय किया जायेगा। इसमें कक्षा छात्रों के विभिन्न समूहों के समक्ष शिक्षण विषय की इकाईयों से सम्बन्धित वस्तुनिष्ठ प्रश्न अध्यापक द्वारा प्रस्तुत करके प्रश्नोत्तरी के रूप में इसे सम्पन्न किया जायेगा।

(vi) **विचारावेश (Brinstorming)** :– इस रचनाकौशल का प्रयोग छात्रों के सृजनात्मक समाधान योग्यता विकास हेतु किया जाता है। अतः कक्षा स्तर पर पाठ्यक्रम में निर्धारित विभिन्न विषयों से सम्बन्धित समस्याओं का समाधान ढूंढने हेतु इसका प्रयोग किया जायेगा।

(vii) **इकाई परीक्षण (Unit Test)** :– पाठ्यक्रम में निर्धारित विभिन्न विषयों से सम्बन्धित इकाईयों के समापन के पश्चात वस्तुनिष्ठ एवं लघूत्तरीय प्रश्नों पर आधारित मौखिक या लिखित परीक्षण छात्र के अवबोध परीक्षण हेतु किया जायेगा।

(VIII) **परियोजना विधि (Project Method) :–** इस विधि द्वारा पाठ्यक्रम में निर्धारित विभिन्न विषयों से सम्बन्धित समस्याओं के समाधान पर आधारित परियोजना निर्माण व कार्य करवाये जायेंगे।

द्विवर्षीय शिक्षाशास्त्री परीक्षा योजना

द्विवर्षीय शिक्षाशास्त्री परीक्षा प्रत्येक वर्ष के दो भागों में आयोजित होगी। भाग प्रथम सैद्धान्तिक प्रश्न पत्रों का तथा भाग द्वितीय प्रायोगिक होगा। प्रायोगिक भाग में (अ) विद्यालय सम्बद्धता–के दो भाग होंगे– (I) शिक्षण अभ्यास प्रायोगिक (II) विद्यालयीय गतिविधियाँ तथा (ब) व्यावसायिक अभिक्षमता विकास से सम्बन्धित प्रायोगिक होगा।

भाग प्रथम

1 **सैद्धान्तिक** :–

(अ) द्विवर्षीय शिक्षाशास्त्री सैद्धान्तिक परीक्षा के प्रथम वर्ष में आठ (08) प्रश्न पत्र और द्वितीय वर्ष में भी आठ (08) प्रश्न पत्र होंगे ।

(ब) सैद्धान्तिक प्रश्न–पत्रों में से एक सौ (100) पूर्णांक वाले प्रत्येक प्रश्न–पत्रों में अस्सी (80) अंक बाह्य लिखित परीक्षा हेतु तथा बीस (20)अंक आन्तरिक मूल्यांकन हेतु निर्धारित होंगे।

(स) सैद्धान्तिक प्रश्न पत्रों में से पचास (50) पूर्णांक वाले प्रत्येक प्रश्न–पत्रों में चालीस (40) अंक बाह्य लिखित परीक्षा हेतु तथा दस (10)अंक आन्तरिक मूल्यांकन हेतु निर्धारित होंगे।

(द) एक सौ (100) पूर्णांक वाले प्रश्न–पत्रों की लिखित परीक्षा अवधि तीन (03) घंटे होगी तथा पचास (50) पूर्णांक वाले प्रश्न–पत्रों की लिखित परीक्षा अवधि दो (02) घंटे होगी।

स्पष्टता हेतु वर्षवार सैद्धान्तिक प्रश्न पत्रों का विवरण :–

शिक्षाशास्त्री (बी.एड) प्रथम वर्ष के सैद्धान्तिक प्रश्न पत्रों का विवरण							
प्रश्न पत्र सं. Paper No.	**अध्ययांश कूट Course Code**	**प्रश्नपत्रों के नाम Title of the Papers**	**अध्ययांश श्रेणी Course Category**	**मूल्यांकन Evalution**			
				लिखित परीक्षा अवधि Written EXM. TIME	**बाह्य External**	**आन्तरिक Internal**	**पूर्णांक Total Marks**
I	s.s. 101	बाल्यावस्था एवं विकास प्रक्रिया	संकेन्द्रिक परिप्रेक्ष्य (Core Perspective)	3.00 घंटे	80	20	100
II	s.s. 102	समसामयिक भारत एवं शिक्षा	संकेन्द्रिक परिप्रेक्ष्य (Core Perspective)	3.00 घंटे	80	20	100
III	s.s. 103	अधिगम एवं शिक्षण प्रक्रिया	संकेन्द्रिक अनिवार्य (Core Compulsory)	3.00 घंटे	80	20	100
IV	s.s. 104	भाषा एवं पाठ्यक्रम	संकेन्द्रिक अनिवार्य (Core Compulsory)	2.00 घंटे	40	10	50
V	s.s. 105	अध्ययन क्षेत्र एवं विषय अवबोध	संकेन्द्रिक अनिवार्य (Core Compulsory)	2.00 घंटे	40	10	50
VI	s.s. 106	जेंडर विद्यालय एवं समाज	संकेन्द्रिक अनिवार्य (Core Compulsory)	2.00 घंटे	40	10	50
VII	s.s. 112	शिक्षा का दार्शनिक एवं सामाजिक परिप्रेक्ष्य	संकेन्द्रिक परिप्रेक्ष्य (Core Perspective)	3.00 घंटे	80	20	100
VIII	s.s. 113	संस्कृत शिक्षण (अनिवार्य शिक्षणशास्त्र)	अनिवार्य शिक्षणशास्त्र (Compulsory Pedagogy)	3.00 घंटे	80	20	100
						कुल योग	**650**

शिक्षाशास्त्री (बी.एड) द्वितीय वर्ष के सैद्धान्तिक प्रश्न पत्रों का विवरण

प्रश्न पत्र सं. Paper No.	अध्येयांश कूट Course Code	प्रश्नपत्रों के नाम Title of the Papers	अध्येयांश श्रेणी Course Category	लिखित परीक्षा अवधि Written EXM. TIME	मूल्यांकन Evolution		
					बाह्य External	आन्तरिक Internal	पूर्णांक Total Marks
IX	s.s.107 (अ)–(ब)	विद्यालय विषय शिक्षण (छात्राध्यापकों को इनमें से किसी एक विद्यालय शिक्षणशास्त्र का चयन करना होगा।	'चयनित शिक्षणशास्त्र' (Elective Pedagogy)	3.00 घंटे	80	20	100
	1	हिन्दी शिक्षण		3.00 घंटे	80	20	100
	2	अंग्रेजी शिक्षण		3.00 घंटे	80	20	100
	3	सामाजिक अध्ययन शिक्षण		3.00 घंटे	80	20	100
	4	नागरिक शास्त्र शिक्षण		3.00 घंटे	80	20	100
	5	भूगोल शिक्षण		3.00 घंटे	80	20	100
	6	इतिहास शिक्षण		3.00 घंटे	80	20	100
	7	अर्थशास्त्र शिक्षण		3.00 घंटे	80	20	100
	8	गृह विज्ञान शिक्षण		3.00 घंटे	80	20	100
	9	गणित शिक्षण		3.00 घंटे	80	20	100
X	s.s. 108	ज्ञान एवं पाठ्यक्रम	संकेन्द्रित अनिवार्य (Core Compulsory)	3.00 घंटे	80	20	100
XI	s.s. 109	अधिगम आकलन	संकेन्द्रित अनिवार्य (Core Compulsory)	3.00 घंटे	80	20	100
XII	s.s. 110	समावेशित शिक्षा	संकेन्द्रित अनिवार्य (Core Compulsory)	2.00 घंटे	40	10	50
XIII	s.s. 111	विशिष्ट ऐच्छिक विषय (छात्राध्यापकों को इनमें से किसी एक विषय का चयन करना होगा)	विशिष्ट चयनित शिक्षण शास्त्र (Elective Special Pedagogy)	3.00 घंटे	80	20	100
	1	शैक्षिक निर्देशन एवं उपबोधन		3.00 घंटे	80	20	100
	2	मूल्य शिक्षा		3.00 घंटे	80	20	100
	3	योग शिक्षा		3.00 घंटे	80	20	100
	4	स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा		3.00 घंटे	80	20	100
	5	शान्ति शिक्षा		3.00 घंटे	80	20	100
	6	मानवाधिकार शिक्षा		3.00 घंटे	80	20	100
	7	पर्यावरण शिक्षा		3.00 घंटे	80	20	100
	8	ज्योतिष एवं कर्मकाण्ड		3.00 घंटे	80	20	100
XIV	s.s. 114	विद्यालय प्रबन्धन एवं नेतृत्व	संकेन्द्रित अनिवार्य (Core Compulsory)	3.00 घंटे	80	20	100
XV	s.s. 115	शिक्षण अधिगम की तकनीकी	संकेन्द्रित अनिवार्य (Core Compulsory)	2.00 घंटे	40	10	50
XVI	s.s. 116	शिक्षा में क्रियात्मक अनुसंधान	संकेन्द्रित अनिवार्य (Core Compulsory)	2.00 घंटे	40	10	50
						कुल योग	**650**

प्रश्न पत्र निर्माण–

(अ) 80 पूर्णांक वाले सैद्धान्तिक प्रश्न–पत्रों का निर्माण :–

(शि.शा.प्र.वर्ष में प्रश्न पत्र – I , II, III, VII व VIII **तथा शि.शा.द्वि.वर्ष में प्रश्न पत्र –** IX , X , XI , XIII व XIV 80 पूर्णांक के हैं।**)**

(I) प्रत्येक प्रश्न–पत्र के तीन भाग होंगे–अ,ब और स ।

(II) भाग 'अ' में 05 अतिलघूत्तरात्मक अनिवार्य प्रश्न होंगे । प्रत्येक प्रश्न 02 अंक का होगा।

(III) भाग 'ब' में 05 लघूत्तरात्मक अनिवार्य प्रश्न होंगे । प्रत्येक प्रश्न 04 अंक का होगा।

(IV) भाग 'स' में आंतरिक विकल्प वाले 05 निबन्धात्मक प्रश्न होंगे और प्रत्येक प्रश्न 10 अंक का होगा। इस प्रकार 80 पूर्णांक वाले प्रश्न पत्रों में तीनों भागों को मिलाकर कुल 15 प्रश्न होंगे ।

(V) अतिलघूत्तरात्मक प्रश्नों का उद्देश्य तथ्यात्मक ज्ञान की जाँच करना होगा। ऐसे प्रश्नों की उत्तर सीमा पन्द्रह से बीस (15–20) शब्दों की होगी।

(VI) लघूत्तरात्मक प्रश्नों का उद्देश्य सम्प्रत्यय, परिभाषा, नियम सिद्धान्तों के अनुप्रयोग आदि की जाँच करना होगा। ऐसे प्रश्नों की उत्तर सीमा एक पृष्ठ होगी।

(VII) निबन्धात्मक प्रश्नों का उद्देश्य प्ररिप्रेक्ष्य–ज्ञान, आलोचनात्मक दृष्टिकोण, सिद्धान्तों के अनुप्रयोग आदि की जाँच करना होगा। जो सैद्धान्तिक पक्ष से सम्बन्धित होंगे।

(VIII) केवल विषयवस्तु (Content) पर आधारित कोई भी प्रश्न नहीं होगा। प्रत्येक प्रश्न विधियों (Methodology) के अनुप्रयोग से जोड़कर बनाया जायेगा।

(IX) शिक्षाशास्त्री प्रथम वर्ष प्रश्न पत्र संख्या आठ (08) एवं शिक्षाशास्त्री द्वितीय वर्ष प्रश्न पत्र संख्या नौ (09) क्रमशः अनिवार्य शिक्षणशास्त्र तथा विद्यालय विषय शिक्षणशास्त्र के हैं। इनमें विषयवस्तु एवं शिक्षण विधियों को महत्व दिया जाएगा। विषयवस्तु माध्यमिक तथा उच्चमाध्यमिक कक्षाओं के पाठ्यक्रम के ज्ञान से सम्बद्ध होगा।

स्पष्टता हेतु प्रश्न पत्र का स्वरूप विवरण :–

सैद्धान्तिक पत्रों हेतु प्रश्नपत्र का स्वरूप

(Structure of the Question paper for Theory Papers)

कुल अंक = 100

(Totel Marks)

80 अंक = बाह्य (लिखित परीक्षा)

80 Marks = External (Written Examination)

20 अंक = आन्तरिक (सत्रीय कार्य)

20 Marks = Internal (Sessional Work)

समय – 3 घंटे

लिखित परीक्षा हेतु प्रश्न स्वरूप

पूर्णांक – 80

प्रश्न का स्वरूप (Form of the Question)	प्रश्न प्रकार (Type of Question)	प्रश्नों की संख्या (No.of Questions)	प्रश्न/अंक (Question /Marks)	कुल अंक (Total Marks)
(अ) अनिर्वाय (Compulsory)	अतिलघूत्तरात्मक In (15–20) Words	5 (प्रत्येक इकाई से एक प्रश्न) (One Question from each unit)	05 प्रश्न/02 अंक	5 (प्रश्न)x2(अंक) = 10
(ब) अनिर्वाय (Compulsory)	लघूत्तरात्मक (Short Answer)	5 (प्रत्येक इकाई से एक प्रश्न) (One Question from each unit)	05 प्रश्न/04 अंक	5 (प्रश्न)x4(अंक) = 20
(स) आन्तरिक विकल्प (Internal Choice)	निबन्धात्मक) (Essy Tipe)	5 (प्रत्येक इकाई से दो प्रश्न) (Two Question from each unit)	05 प्रश्न/10 अंक	5 (प्रश्न)x10(अंक) = 50
			कुल अंक (Total Marks)	80 अंक

(ब) चालीस (40) पूर्णांक वाले सैद्धान्तिक प्रश्न पत्रों का निर्माण :–

(शि.शा.प्र.वर्ष में प्रश्न पत्र – IV, V व VI **तथा शि.शा.द्वि.वर्ष में प्रश्न पत्र –** XII, XV व XVI 40 पूर्णांक के हैं।**)**

(I) प्रत्येक प्रश्न–पत्र के तीन भाग होंगे–अ,ब और स ।

(II) भाग 'अ' में 05 अतिलघूत्तरात्मक अनिवार्य प्रश्न होंगे । प्रत्येक प्रश्न 02 अंक का होगा।

(III) भाग 'ब' में 03 लघूत्तरात्मक अनिवार्य प्रश्न होंगे । प्रत्येक प्रश्न 03 अंक का होगा।

(IV) भाग 'स' में आंतरिक विकल्प वाले 03 निबन्धात्मक प्रश्न होंगे और प्रत्येक प्रश्न 07 अंक का होगा। इस प्रकार 40 पूर्णांक वाले प्रश्न पत्रों में तीनों भागों को मिलाकर कुल 11 प्रश्न होंगे ।

(V) अतिलघूत्तरात्मक प्रश्नों का उद्देश्य तथ्यात्मक ज्ञान की जाँच करना होगा। ऐसे प्रश्नों की उत्तर सीमा पन्द्रह से बीस (15–20) शब्दों की होगी।

(VI) लघूत्तरात्मक प्रश्नों का उद्देश्य सम्प्रत्यय, परिभाषा, नियम सिद्धान्तों के अनुप्रयोग आदि की जाँच करना होगा। ऐसे प्रश्नों की उत्तर सीमा एक पृष्ठ होगी।

(VII) निबन्धात्मक प्रश्नों का उद्देश्य विषय बोध, आलोचनात्मक दृष्टिकोण, सिद्धान्तों के अनुप्रयोग आदि की जाँच करना होगा। जो सैद्धान्तिक पक्ष से सम्बन्धित होंगे ।

(VIII) केवल विषयवस्तु (Content) पर आधारित कोई भी प्रश्न नहीं होगा–प्रत्येक प्रश्न विधियों (Methodology) के अनुप्रयोग से जोड़कर बनाया जायेगा।

सैद्धान्तिक पत्रों हेतु प्रश्नपत्र का स्वरूप

(Structure of the Question paper for Theory Papers)

कुल अंक = 50

(Totel Marks)

40 अंक = बाह्य (लिखित परीक्षा)

40 Marks = External (Written Examination)

10 अंक = आन्तरिक (सत्रीय कार्य)

10 Marks = Internal (Sessional Work)

समय – 2 घंटे

लिखित परीक्षा हेतु प्रश्न स्वरूप

पूर्णांक – 40

प्रश्न का स्वरूप (Form of the Question)	प्रश्न प्रकार (Type of Question)	प्रश्नों की संख्या (No.of Questions)	प्रश्न/अंक (Question /Marks)	कुल अंक (Total Marks)
(अ) अनिर्वाय (Compulsory)	अतिलघूत्तरात्मक In (15–20) Words	5 (प्रत्येक इकाई से एक प्रश्न) (One Question from each unit)	05 प्रश्न/02 अंक	5 (प्रश्न)x2(अंक) = 10
(ब) अनिर्वाय (Compulsory)	लघूत्तरात्मक (Short Answer)	3 (प्रत्येक इकाई से एक प्रश्न) (One Question from each unit)	03 प्रश्न/03 अंक	3 (प्रश्न)x3(अंक) = 09
(स) आन्तरिक विकल्प (Internal Choice)	निबन्धात्मक) (Essy Tipe)	3 (प्रत्येक इकाई से एक प्रश्न) (One Question from each unit)	03 प्रश्न/07 अंक	3 (प्रश्न)x07(अंक) = 21
			कुल अंक (Total Marks)	40 अंक

भाग द्वितीय

2 . प्रायोगिक :–

द्विवर्षीय शिक्षाशास्त्री पाठ्यक्रम के प्रायोगिक भाग में आयोज्य विद्यालय सम्बद्धता सम्बन्धी कार्य एवं व्यवसायिक अभिक्षमता विकास (ई.सी.पी.) कार्य संगठन एवं कियान्वयन :–

(अ) विद्यालय सम्बद्धता

(I) शिक्षण अभ्यास सम्बन्धी निर्देश :–

- राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् के निर्देशानुसार विद्यालय सम्बद्धता (School Internship) कार्यक्रम का आयोजन चार माह (16सप्ताह) की अवधि के लिए किया जाएगा।
- इसे क्रमशः द्विवर्षीय शिक्षाशास्त्री के प्रथम वर्ष में दो माह (8सप्ताह) तथा द्वितीय वर्ष में दो माह (8सप्ताह) की अवधि में आयोजित किया जाएगा।
- शिक्षाशास्त्री प्रथम एंव द्वितीय दोनों ही वर्षो में प्रथम दो (02) सप्ताह तथा अन्तिम दो (02) सप्ताह विद्यालयीय गतिविधियों से सम्बन्धित कार्य करवाये जाएगें तथा मध्य के चार (04) सप्ताह में दैनिक शिक्षण अभ्यास एंव समालोचना पाठ सम्पन्न करवाये जाएगें।
- प्रत्येक प्रशीक्षणार्थी को अनिवार्य शिक्षणशास्त्र (संस्कृत शिक्षण) के पैंतीस (35) पाठों और चयनित विद्यालय विषय शिक्षणशास्त्र के पैंतीस (35) पाठों का दैनिक शिक्षण अभ्यास करना अनिवार्य होगा। तथा दोनों शिक्षण विषयों में एक–एक समालोचना पाठ भी देने होंगे।
- दोनों शिक्षण विषयों में पचीस–पचीस (25–25) पाठ पर्यवेक्षित होना अनिवार्य है।
- इस प्रकार कुल सत्तर (70) दैनिक पाठों का शिक्षण अभ्यास आठ (08) सप्ताह के विद्यालय सम्बद्धता अवधि में अर्थात् शिक्षाशास्त्री प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष में क्रमशः चार–चार (04–04)सप्ताह के अवधियों में पूर्ण किया जा सकेगा।
- दोनों शिक्षण विषयों का पृथक–पृथक दैनिक शिक्षण अभ्यास एवं बाह्य प्रायोगिक परीक्षा अनिवार्य होगी तथा शिक्षाशास्त्री द्वितीय वर्ष में ई.पी.सी.–3 की भी बाह्य प्रायोगिक परीक्षा अनिवार्य होगी।
- संस्कृत शिक्षणशास्त्र के दैनिक शिक्षण अभ्यास एवं बाह्य प्रायोगिक परीक्षा का आयोजन शिक्षाशास्त्री प्रथम वर्ष में तथा विद्यालय विषय शिक्षणशास्त्र के दैनिक शिक्षण अभ्यास एवं बाह्य प्रायोगिक परीक्षा तथा ई.पी.सी.–3 की बाह्य प्रायोगिक परीक्षा का आयोजन शिक्षाशास्त्री द्वितीय वर्ष में किया जा सकेगा।
- सम्पूर्ण प्रायोगिक कार्य का आन्तरिक मूल्यांकन विभागाध्यक्ष/महाविद्यालय का प्राचार्य अपने वरिष्ठ सहयोगी सदस्यों के सहयोग से तैयार करेगा तथा आंतरिक मूल्यांकन के अंक विश्वविद्यालय को प्रतिवर्ष बाह्य प्रायोगिक परीक्षा से पूर्व प्रेषित करेगा।
- आन्तरिक प्रायोगिक कार्य सम्पन्न करवाने का सम्पपूर्ण उत्तरदायित्व विभागाध्यक्ष/प्राचार्य का होगा।
- बाह्य प्रायोगिक परीक्षा हेतु प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को दोनों शिक्षण विषयों के पाठ सहायक सामग्री सहित तैयार करने होंगे।
- बाह्य परीक्षक की नियुक्ति संकाय सदस्यों के परामर्श से तैयार की गई **बाह्य परीक्षक सूची** में से माननीय कुलपति महोदय की अनुशंसा पर की जा सकेगी।
- **बाह्य प्रायोगिक परीक्षा का आयोजन** :– बाह्य प्रायोगिक परीक्षा चार कार्य दिवसों में वर्षवार(प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष में) निम्नलिखित प्रकार से आयोजित की जाएगी –
  प्रथम दिवस – शिक्षणाभ्यास तथा पाठों का प्रायोगिक परीक्षण (अधिकतम 40 पाठों का प्रायो.परीक्षण)।
  द्वितीय दिवस – शेष पाठों की प्रायोगिक परीक्षण एवं मूल्यांकन।
  तृतीय दिवस – विद्यालय गतिविधि सम्बन्धी अभिलेख परीक्षण एवं मौखिकी तथा मूल्यांकन।
  चतुर्थ दिवस – ई.पी.सी. – 1, 2 एवं 4 सम्बन्धी अभिलेख परीक्षण एवं मौखिकी तथा मूल्यांकन।

नोट : – शिक्षाशास्त्री द्वितीय वर्ष में ई.पी.सी.–3 की प्रायोगिक परीक्षा पृथक् से (विद्यालय विषयों की प्रायोगिक परीक्षा दिवसों को छोड़कर) आयोजित की जा सकेगी।

(II) विद्यालयीय गतिविधियों का विवरण :–

- विद्यालय सम्बद्ध गतिविधियों के अन्तर्गत निम्नलिखित गतिविधियाँ आयोजित की जा सकती हैं।
- प्रातः कालीन सभा में भाग लेना।
- समय सारिणी का निर्माण।
- विद्यालय अभिलेख पञ्जिकाओं का निर्माण।
- शिक्षक अभिभावक सम्मेलन में सहभागिता एवं प्रतिवेदन।
- विद्यालयीय प्रशासन एंव प्रबन्धन में सहयोग तथा स्वानुभव अभिलेख।
- विविध राष्ट्रीय अभियानों में सक्रिय प्रतिभागिता।
- विद्यालय पुस्तकालय संधारण एवं संचालन व प्रतिवेदन।
- संस्कृत संभाषण शिविर आयोजन।
- विद्यालयीय उत्सवों एंव समारोहों सहभागिता व प्रतिवेदन।
- वृक्षारोपण कार्यक्रम में सहभागिता ।
- विद्यालयीय/विश्वविद्यालयीय/महाविद्यालयीय स्वच्छता एवं सौन्दर्यीकरण कार्यक्रमों में सहभागिता।
- विश्वविद्यालयीय/महाविद्यालयीय/विभागीय उत्सवों एवं कार्यक्रमों में सहभागिता व प्रतिवेदन लेखन।
- छात्र निर्देशन एंव उपबोधन कार्यक्रम में सहभागिता।
- विश्वविद्यालयीय/महाविद्यालयीय/विभागीय स्तर पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रमों में सहभागिता एवं प्रतिवेदन लेखन।
- शिक्षण सामग्री आधारित प्रदर्शनी का आयोजन।
- जन जागरूकता हेतु नाट्य कार्यक्रमों का आयोजन।
- राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम संचालन एंव प्रतिवेदन लेखन।
- वार्षिक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन एवं प्रतिवेदन लेखन।

विद्यालयीय गतिविधियों का चयन एवं मूल्यांकन :–

(I) उपर्युक्त गतिविधियों में से पाँच (05) गतिविधियों में सम्बद्ध विद्यालय स्तर तथा पाँच (05) गतिविधियों में सम्बद्ध विश्वविद्यालय/विभाग/महाविद्यालय स्तर पर सक्रिय सहभागिता तथा प्रतिवेदन लेखन सभी प्रशिक्षणार्थियों के लिए अनिवार्य होगा।

(II) गतिविधियों का निर्धारण सम्बद्ध शिक्षा विभाग/ शिक्षा महाविद्यालय के अध्यक्ष/प्राचार्य अपने वरिष्ठ सहयोगी अध्यापक तथा अन्य सम्बद्ध शिक्षकों के परामर्श से करेगें व आन्तरिक मूल्यांकन भी अपने वरिष्ठ सहयोगी अध्यापक एवं अन्य सम्बद्ध शिक्षकों के परामर्श से करेगें।

(III) विद्यालयीय गतिविधियाँ प्रतिवर्ष 100 अंको की होंगी। 50 अंक आन्तरिक अंक और 50 अंक बाह्य। इनका मूल्यांकन गतिविधियों के वीक्षण, सम्बन्धित पञ्जिकाओं एवं अभिलेखों के अवलोकन व मौखिक परीक्षा द्वारा किया जाएगा।

(ब) व्यावसायिक अभिक्षमता विकास (ई.पी.सी.) का विवरण :–

- व्यावसायिक अभिक्षता विकास (ई.पी.सी.) हेतु ई.पी.सी.– 1 (EPC-1), ई.पी.सी.– 2 (EPC-2), ई.पी.सी.–3 (EPC-3) व ई.पी.सी.– 4 (EPC-4) से परियोजना कार्य तथा सत्रीय कार्य दिये जाएंगे तथा इनसे सम्बद्ध गतिविधियों को छात्र सहभागिता से आयोजित करना अनिवार्य होगा।
- व्यावसायिक अभिक्षता विकास (ई.पी.सी.) निर्धारित गतिविधियों के अनुरूप प्रतिवर्ष प्रतिवर्ष 100 अंको का होगा। इनका मूल्यांकन गतिविधियों के वीक्षण, सम्बन्धित पञ्जिकाओं एवं अभिलेखों के अवलोकन व मौखिक परीक्षा द्वारा किया जाएगा।
- इसका मूल्यांकन प्रशिक्षणार्थियों के क्षेत्र सम्बद्ध गतिविधियों के प्रेक्षण, सम्बन्धित पञ्जिकाओं, अभिलेखों एवं प्रतिवेदन के अवलोकन व मौखिक परीक्षा द्वारा किया जा सकेगा।

प्रयोगिक कार्य का अंक विभाजन :–

(अ) विद्यालय सम्बद्धता (school Internship)

(I) **शिक्षण अभ्यास**	**500 अंक**
शिक्षाशास्त्री प्रथम वर्ष –	**250 अंक**
आंतरिक मूल्यांकन –	125 **अंक**
बाह्य प्रयोगिक परीक्षा –	125 **अंक**

आन्तरिक मूल्यांकन का अंक विभाजन

सूक्ष्म शिक्षण (05 कौशल – श्यामपट्ट, प्रस्तावना, प्रश्न, उद्दीपन परिवर्तन एवं दृष्टान्त)	**05 अंक**
पाठ योजना निर्माण (इकाई, दैनिक व वार्षिक)	**05 अंक**
शिक्षण सामग्री निर्माण	**05 अंक**
दैनिक अभ्यास पाठ (35 X 02)	**70 अंक**
समीक्षा पाठ	**10 अंक**
नियमित शिक्षकों की कक्षा का पर्यवेक्षण (न्यूनतम 10 कक्षाओं का)	**10 अंक**
सहपाठी के पाठों का निरीक्षण (न्यूनतम 10 पाठों का)	**10 अंक**
विद्यालयीय गतिविधियाँ (प्रतिभागिता, पञ्जिका संधारण एवं प्रतिवेदन लेखन)	**10 अंक**
कुल	**125 अंक**

शिक्षाशास्त्री द्वितीय वर्ष – 250 अंक

आंतरिक मूल्यांकन – 125 अंक
बाह्य प्रयोगिक परीक्षा – 125 अंक

आन्तरिक मूल्यांकन का अंक विभाजन

पाठ योजना निर्माण (इकाई, दैनिक व वार्षिक)	**05 अंक**
शिक्षण सामग्री निर्माण	**05 अंक**
दैनिक अभ्यास पाठ (35 X 02)	**70 अंक**
समालोचना पाठ	**10 अंक**
सहपाठी के पाठों का निरीक्षण (न्यूनतूम 10 पाठों का)	**10 अंक**
क्षेत्र सम्बन्धी गतिविधियाँ (प्रतिभागिता, अनुभव आधारित प्रतिवेदन लेखन)	**10 अंक**
समूह परिचर्चा (विद्यालय संचालन सम्बन्धी समस्याओं पर परिचर्चा एवं प्रतिवेदन लेखन)	**10 अंक**
राष्ट्रीय अभियानों में प्रतिभागिता	**05 अंक**
कुल	**125 अंक**

(II) विद्यालय गतिविधियाँ 200 अंक

शिक्षाशास्त्री प्रथम वर्ष – 100 अंक
आंतरिक मूल्यांकन **50 अंक**
बाह्य मूल्यांकन **50 अंक**
शिक्षाशास्त्री द्वितीय वर्ष 100 अंक
आंतरिक मूल्यांकन **50 अंक**
बाह्य मूल्यांकन **50 अंक**

(ब) व्यवसायिक अभिक्षमता विकास (Enhancing Processional Capacities) 200 अंक

शिक्षाशास्त्री प्रथम वर्ष 100 अंक
ई.सी.पी. –1 50 अंक
आंतरिक मूल्यांकन **25 अंक**
बाह्य मूल्यांकन **25 अंक**
ई.सी.पी. –2 50 अंक
आंतरिक मूल्यांकन **25 अंक**
बाह्य मूल्यांकन **25 अंक**
शिक्षाशास्त्री द्वितीय वर्ष 100 अंक
ई.सी.पी. –3 50 अंक
आंतरिक मूल्यांकन **25 अंक**
बाह्य मूल्यांकन **25 अंक**
ई.सी.पी. –4 50 अंक
आंतरिक मूल्यांकन **25 अंक**
बाह्य मूल्यांकन **25 अंक**

परीक्षा परिणाम, श्रेणी विभाजन एंव अंक योजना–

(1) द्विवर्षीय शिक्षाशास्त्री परीक्षा में परीक्षार्थी को सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक परीक्षा में पृथक्–पथक् उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

(2) सैद्धान्तिक परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए परीक्षार्थी को प्रत्येक प्रश्न पत्र में 40% अंक लाने होंगे और समस्त सैद्धान्तिक प्रश्नपत्रों के सम्पूर्ण अंकों का योग 45% होना चाहिये।

(3) प्रायोगिक परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए 50% अंक आन्तरिक मूल्यांकन एवम् 50% अंक बाह्य प्रायोगिक परीक्षा में लाने होंगे।

(4) परीक्षा में सफल प्रशिक्षणार्थियों की श्रेणीयों का विभाजन (सैद्धान्तिक एवं प्रयोगिक में) निम्नलिखित प्रकार से होगा–

श्रेणी	सैद्धान्तिक	प्रायोगिक
प्रथम	60 प्रतिशत या अधिक	60 प्रतिशत या अधिक
द्वितीय	50 प्रतिशत या अधिक किन्तु 60 से कम	55 प्रतिशत से अधिक किन्तु 60 से कम
उत्तीर्ण	45 प्रतिशत से अधिक किन्तु 50 से कम	50 प्रतिशत से अधिक किन्तु 55 से कम

शिक्षाशास्त्री (बी.एड.) पाठ्यक्रम
प्रथम वर्ष

प्रथम वर्ष का पाठ्यक्रम

शिक्षाशास्त्री (बी.एड) प्रथम वर्ष पाठ्यक्रम कुल अंक – 1100						
प्रश्न पत्र सं. Paper No.	अध्येयांश कूट Course Code	प्रश्नपत्रों के नाम Title of the Papers	अध्येयांश श्रेणी Course Category	मूल्यांकन Evalution		
				बाह्य External	आन्तरिक Internal	पूर्णांक Total Marks
I	s.s. 101	बाल्यावस्था एवं विकास प्रक्रिया	संकेन्द्रिक परिप्रेक्ष्य (Core Perspective)	80	20	100
II	s.s. 102	समसामयिक भारत एवं शिक्षा	संकेन्द्रिक परिप्रेक्ष्य (Core Perspective)	80	20	100
III	s.s. 103	अधिगम एवं शिक्षण प्रक्रिया	संकेन्द्रिक अनिवार्य (Core Compulsory)	80	20	100
IV	s.s. 104	भाषा एवं पाठ्यक्रम	संकेन्द्रिक अनिवार्य (Core Compulsory)	40	10	50
V	s.s. 105	अध्ययन क्षेत्र एवं विषय अवबोध	संकेन्द्रिक अनिवार्य (Core Compulsory)	40	10	50
VI	s.s. 106	लिंग विद्यालय एवं समाज	संकेन्द्रिक अनिवार्य (Core Compulsory)	40	10	50
VII	s.s. 112	शिक्षा का दार्शनिक एवं सामाजिक परिप्रेक्ष्य	संकेन्द्रिक परिप्रेक्ष्य (Core Perspective)	80	20	100
VIII	s.s. 113	संस्कृत शिक्षण (अनिवार्य शिक्षणशास्त्र)	अनिवार्य शिक्षणशास्त्र (Compulsory Pedagogy)	80	20	100
विद्यालय सम्बद्धता (School Internship)		(I) शिक्षण अभ्यास		125	125	250
		(II) विद्यालय गतिविधियाँ		50	50	100
ई.पी.सी. (EPC)–1		संस्कृत संभाषण कौशल विकास		20	20	40
		पाठ्यवस्तु पठन एवं चिन्तन (ध्येय बिन्दुओं से सम्बद्ध)		20	20	40
ई.पी.सी. (EPC)–2		शिक्षा में नाट्य एवं कला (शैक्षिक गतिविधियाँ)		10	10	20

* **EPC (ई.पी.सी.) –Enhancing Processional Capacities (व्यावसायिक अभिक्षमता विकास)।**

शिक्षाशास्त्री प्रथवर्ष

प्रथम प्रश्नपत्र

बाल्यावस्था एवं विकास प्रक्रिया

Course Code S.S. 101 **पूर्णांक 100**

(बा.80+ आ. 20)

उद्देश्य –

